Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to ensure remunerative price to potato farmers.

श्री तेज प्रताप सिंह यादव (मैनपुरी) : उत्तर प्रदेश में किसान से लेकर मंडी व्यापारी और कोल्ड स्टोरेज वाले सभी आलू की बदहाली को लेकर परेशान है, यू.पी. के आगरा, इटावा, मैनपुरी, फर्रूखाबाद, कन्नौज जिलों में किसानों के हालात खराब हैं।

बाजार में आलू के दाम में हुई भारी गिरावट के कारण किसान अपना आलू फेंकने को मजबूर है। नया आलू आने से अब कोल्ड स्टोरेज में से पुराना आलू निकालना किसान के लिए घाटे का सौदा (रू. 300/बैग) साबित हो रहा है। किसानों द्वारा जो आलू फेंका जा रहा है, उससे उद्योगपति चिप्स बनाकर महंगा बेच रहे हैं।

सरकार से मेरी मांग है कि आलू को मिड डे मिल में शामिल किया जाए। मैनपुरी में आलू का फूड प्रोसेसिंग प्लांट एवं फूड पार्क लगाया जाए। सरकार द्वारा आलू की खरीद की व्यवस्था, आलू के किसानों को भाड़े में सब्सिडी एवं नुकसान का मुआवजा दिया जाए, ताकि किसानों को अविलम्ब राहत मिल सके ।